पत्रांक–14 / ए०एफ–33 / 2025..........

बिहार सरकार

उच्च शिक्षा विभाग

प्रेषक,

राजीव कुमार चौधरी,
सरकार के अवर सचिव।

सेवा में,

कुलसचिव,
मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर।

पटना, दिनांक......./ ..../ 2026

विषयः– सुनैना डिग्री कॉलेज, लखीसराय को स्नातक कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के प्रस्तावित विषयों में अस्थायी संबंधन के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्रांक–MU/IC/10/2025 दिनांक–12.07.2025 द्वारा सुनैना डिग्री कॉलेज, लखीसराय को स्नातक कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के प्रस्तावित विषयों में अस्थायी संबंधन का प्रस्ताव विभाग में प्राप्त है। प्राप्त प्रस्ताव के समीक्षा के क्रम में पाया गया कि प्रश्नगत महाविद्यालय / संस्थान को लीज / पट्टा पर प्राप्त भूमि राज्यपाल सचिवालय से निर्गत पत्रांक–3074 दिनांक–25.10.2019 के प्रावधानों के अनुरूप नहीं है।

अतः राज्यपाल सचिवालय से निर्गत पत्रांक–3074 दिनांक–25.10.2019 में निहित प्रावधानों के अनुरूप 33 वर्षों की अनिवार्य लीज अवधि को पूर्ण नहीं रहने के कारण सुनैना डिग्री कॉलेज, लखीसराय के अस्थायी संबंधन के प्रस्ताव पर राज्य सरकार द्वारा अस्वीकृति संसूचित की जाती है।

प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

ह० / –
(राजीव कुमार चौधरी)
सरकार के अवर सचिव

दिनांक 15/04/2026

ज्ञापांक :–14 / ए०एफ–33 / 2025..........–454

प्रतिलिपिः– माननीय मंत्री उच्च शिक्षा विभाग के आप्त सचिव / सचिव, उच्च शिक्षा विभाग के निजी सहायक / निदेशक, उच्च शिक्षा के निजी सहायक / अवर सचिव, उच्च शिक्षा विभाग / उप निदेशक, उच्च शिक्षा एवं प्रभारी प्राचार्य, सुनैना डिग्री कॉलेज, लखीसराय को सूचनार्थ प्रेषित।

2. आई०टी० मैनेजर, उच्च शिक्षा विभाग को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

13.04.26

सरकार के अवर सचिव